प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.05.2025 (संध्या–1952 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक संपन्न, शीर्ष सैन्य अधिकारी रहे मौजूद, संघर्ष विराम के मद्देनजर रणनीति पर हुई चर्चा।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस परीक्षण सुविधा का किया उद्घाटन, कहा– ऑपरेशन सिंदूर भारत की राजनीतिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक।
- झारखंड के चार आईपीएस अधिकारी केंद्र में आईजी रैंक के पैनल में हुए शामिल, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी की सूची।
- राज्य में वनवासी कल्याण केंद्र ने पेसा कानून लागू करने की उठाई मांग, कहा– जल, जंगल और सभ्यता को हो रहा नुकसान।
- भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को हराकर त्रिकोणीय महिला वनडे सीरीज का खिताब जीता।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा प्रमुख जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह मौजूद थे। यह बैठक कल दोनों देशों के सैन्य अभियान महा–निदेशकों के एक–दूसरे से बात करने के बाद संघर्ष विराम के मद्देनजर हुई। दोनों देशों के अधिकारी कल फिर बात करने वाले हैं। पेश है एक रिपोर्ट–

***************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर महज़ सैन्य कार्रवाई नहीं है, बलकि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छा शक्ति का प्रतीक है। आज लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटिग्रेशन एण्ड टेसटिंग फेसिलिटी का वर्चुअल माध्यम से उद्धाटन करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इस ऑपरेशन से आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति और सैन्य शक्ति का पता चलता है।

***************

खूंटी जिले के बिरहु गांव को जवानों का गांव कहा जाता है, जहां लगभग हर घर से कोई न कोई व्यक्ति सेना या अर्द्धसैनिक बल में सेवा दे चुका है। भारत–चीन और भारत पाकिस्तान युद्ध में हिस्सा ले चुके रिटायर्ड जवान आज भी देशभक्ति के जज्बे से भरे हुए हैं। सेवानिवृत सूबेदार हरिनारायण राम ने कहा कि अगर देश को जरूरत पड़ी तो वे देश की सुरक्षा में फिर से योगदान देने के लिए तैयार हैं।

***************

झारखंड कैडर के चार आईपीएस अधिकारियों को केंद्र में आईजी रैंक के पैनल में शामिल किया गया है। इनमें 2004 बैच के ए.वी. होमकर और प्रभात कुमार, 2005 बैच के कुलदीप द्विवेदी और 2007 बैच के अनूप बिरथरे शामिल हैं। केंद्र सरकार की कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने देशभर से 65 आईपीएस अधिकारियों को आईजी रैंक में इम्पैनल किया है।

***************

राजधानी रांची में वनवासी कल्याण केंद्र ने राज्य में पेसा कानून लागू करने की मांग को लेकर प्रेसवार्ता की। मौके पर संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि पेसा कानून लागू नहीं होने से जल, जंगल और आदिवासी सभ्यता को नुकसान हो रहा है।

वहीं, प्रान्त संगठन मंत्री सुनील मरांडी ने सरकार से पेसा कानून के ड्राफ्ट को जल्द लागू करने की अपील की।

***************

सरायकेला–खरसावां में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बैठक आयोजित की गई जिसमें संयुक्त निदेशक अभिजीत कुमार ने सदस्यों को भ्रष्टाचार मुक्त समाज निर्माण के लिए कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत लाभ की अपेक्षा न रखते हुए सामाजिक हित की भावना से इस संगठन से जुड़ें।

***************

गोड्डा जिला के ठाकुर गंगटी प्रखंड में वन विभाग द्वारा करीब 13 करोड़ की लागत से जैव विविधता पार्क का निर्माण किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को 97 रन से हराकर त्रिकोणीय महिला वनडे सीरीज का खिताब जीत लिया। श्रीलंका में हुए इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 342 रन बनाए, जहां श्रीलंका की टीम 245 रन पर सिमट गई।

*******समाप्त********